दैनिक जागरण 14/04/2026

# सीएसए विश्वविद्यालय के कुलपति बने डा. संजीव, चुनौतियां बरकरार

जागरण संवाददाता, कानपुर : सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को पांच महीना 19 दिन के इंतजार के बाद स्थायी कुलपति मिल गया है। कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर), नई दिल्ली में सहायक महानिदेशक (दलहन व तिलहन) डा. संजीव गुप्ता को तीन साल की अवधि के लिए कुलपति नियुक्त किया है। कुलपति बने डा. संजीव गुप्ता के सामने छात्रावास में गंदगी, मेस की समस्या, शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित होने, लाइब्रेरी की उचित सुविधा विद्यार्थियों को न मिलने सहित कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण करने की चुनौतियां रहेंगी।

कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल को विश्वविद्यालयों में व्याप्त समस्याओं को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। सीएसए के दीक्षा समारोह में आगमन के दौरान अपनी टीम से गोपनीय जांचकर रिपोर्ट मंगवाई थी। इसके बाद उन्होंने तत्कालीन कुलपति आनन्द कुमार सिंह से नाराजगी जताते हुए सुधार करने की हिदायत दी, लेकिन सुधार नहीं हुआ। अंततः कुलपति आनन्द कुमार सिंह का इस्तीफा 27 अक्टूबर 2025 को मंजूर कर लिया गया। कुलाधिपति ने मंडलायुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन को कुलपति का अतिरिक्त प्रभार दिया था। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डा. खलील खान ने बताया कि डा. संजीव गुप्ता को पादप जैव प्रौद्योगिकी, फसल अनुवांशिक एवं पादप प्रजनन तथा आण्विक प्रजनन में व्यापक शोध का अनुभव है। डा. संजीव गुप्ता कल्याणपुर के आवास विकास के रहने वाले हैं। इनके पिता डा. आरबी गुप्ता में सीएसए में पादप प्रजनन विभाग में प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हुए। डा. संजीव दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म इंटर कालेज और क्राइस्ट चर्च इंटर कालेज से 12वीं तक की पढ़ाई की। सीएसए से वर्ष 1981 से 86 के बैच में एग्रीकल्चर में बीएससी और वर्ष 1986 बैच में एमएससी की पढ़ाई की। फिर पीएचडी की।

**5 महीना 19 दिन तक मंडलायुक्त के. विजयेन्द्र पांडियन के पास रहा कुलपति का प्रभार**



डा. संजीव गुप्ता • सीएसए

**कुलाधिपति ने हास्टल में गंदगी रहने, शैक्षिक गतिविधियां ठप रहने पर तत्कालीन कुलपति डा. आनन्द का लिया था इस्तीफा**

हिंदुस्तान 14/04/2026

# जिस सीएसए में पढ़े, वहीं के वीसी बनेंगे

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के नए कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता होंगे। प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने डॉ. गुप्ता को पदभार ग्रहण करने से लेकर तीन साल की अवधि तक कुलपति पद पर नियुक्त किया है। डॉ. संजीव गुप्ता इसी विवि के छात्र भी रहे हैं। नवनियुक्त कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि जल्द ही पदभार ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि अनुसंधान व नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही, छात्रों से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित कराया जाएगा। वर्तमान में विवि के कुलपति पद का अतिरिक्त कार्यभार मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडियन के पास है।



मैनपुरी के निवासी डॉ. गुप्ता कुलपति नियुक्त

मैनपुरी के रहने वाले डॉ. गुप्ता ने पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय और क्राइस्टचर्च इंटर कॉलेज से 12वीं तक की पढ़ाई की है। इसके बाद उन्होंने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से ही 1981 से 1986 के बीच बीएससी और एमएससी की पढ़ाई की। फिर विवि से ही 1998 में पीएचडी की। वर्तमान में डॉ. संजीव गुप्ता आईसीएआर, नई दिल्ली में तिलहन व दलहन के सहायक महानिदेशक पद पर कार्यरत हैं। डॉ. गुप्ता को विवि के दीक्षांत में स्नातक और परास्नातक विषयों में कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। वे आईआईपीआर में प्रमुख वैज्ञानिक के पद पर भी कार्य कर चुके हैं।

अमर उजाला 14/04/2026



## न्यूज डायरी

# डॉ. संजीव गुप्ता बने सीएसए के नए कुलपति

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में डॉ. संजीव गुप्ता को नया कुलपति बनाया गया है। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें तीन वर्ष के लिए कुलपति नियुक्त किया है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने दी। डॉ. गुप्ता वर्तमान में आईसीएआर में सहायक महानिदेशक (तिलहन व दलहन) की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वे आईसीएआर संस्थानों में कृषि वैज्ञानिक के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने पादप जैव प्रौद्योगिकी, फसल आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन तथा आण्विक प्रजनन जैसे क्षेत्रों में शोध किए हैं। (ब्यूरो)



**डॉ. संजीव गुप्ता।**

होगा

ाया है। यह
। में बढ़ोतरी
होम और
केमिकल्स,
और स्मार्ट
विस्तार के
। सेंटर का
ग्रीन और
का स्वदेशी
ट-जेनरेशन
ोवेशन को
त प्लेटफॉर्म
सर्फैक्टेंट्स
ों के नए
ना है। इन
का उद्देश्य
मिकल्स के
शा देना है।
स्ड ऑयल
सेवा,
सुधार तथा
यह पहल
एक साथ
इस केंद्र का
रसायन एवं
ीय सहायता
सिंह बिंद्रा
। महत्वपूर्ण

# सीएसए के नये कुलपति बने डॉ. संजीव गुप्ता



कानपुर, 13 अप्रैल। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नये कुलपति डा. संजीव गुप्ता को नियुक्ति किया गया। डा. गुप्ता आईसीएआर, नई दिल्ली तिलहन-दलहन, सहायक महानिदेशक के पद हैं। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हे कुलपति नियुक्त किया है। डा. गुप्ता को कुलपति के रूप में तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया गया। सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि कानपुर के मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडियन को कुलपति का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर पुरातन कृषि विश्वविद्यालय है। इस कृषि विश्वविद्यालय का देश में कृषि अनुसंधान, प्रसार और कृषि शिक्षा में बहुत बड़ा योगदान रहा है। डॉ संजीव गुप्ता इससे पहले कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं ।



सीएमई में मौज

कॉर्डियव

कॉर्डियोलॉज

कानपुर, 13
अटैक पड़ने के
लिए यह समय
के साथ साथ
विचार कॉर्डि
हास्पिटल के
गुप्ता ने कहा वि
रोगियों को अ
तो फिर उसकी
है जो रोगियों वे
संख्या में चिवि
से चिकित्सकों

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष: 17 अंक : 278 कानपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य: 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप

# सीएसए के कुलपति नियुक्त किए गए डॉ.संजीव गुप्ता

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि का कुलपति सहायक महानिदेशक तिलहन व दलहन आईसीएआर नई दिल्ली डॉक्टर संजीव गुप्ता को बनाया गया। प्रदेश की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने उन्हें कुलपति नियुक्त किया है। डॉ. गुप्ता को कुलपति के रूप में तीन साल की अवधि के लिए नियुक्त किया गया। यह जानकारी विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने दी है। मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडियन को कुलपति का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि पुरातन कृषि विश्वविद्यालय है।इस कृषि विश्वविद्यालय का देश में कृषि अनुसंधान, प्रसार और कृषि शिक्षा में बहुत बड़ा योगदान रहा है। डॉ संजीव गुप्ता इससे पहले कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।वर्तमान में वे आईसीएआर के सहायक महानिदेशक तिलहन व दलहन हैं।इससे पहले उन्होंने आइसीएआर के विभिन्न संस्थानों में कृषि वैज्ञानिक के रूप में काम और सेवाएं प्रदान की है।डॉ. गुप्ता को पादप जैव प्रौद्योगिकी, फसल अनुवांशिक एवं पादप प्रजनन तथा आण्विक प्रजनन में व्यापक शोध का अनुभव है। विश्वविद्यालय में डॉ गुप्ता के कुलपति बनने से कृषि शोध, प्रसार और कृषि शिक्षा के कार्यों में और अधिक गतिशीलता आयेगी।

